## संक्षिप्त समाचार

### कौशांबी थाने के पीछे बार में परोसी जा रही शराब, वीडियो वायरल

**कौशांबी।** थाने के पीछे एंजेल मॉल में बैंग-बैंग बार के अंदर खुलेआम शराब परोसने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। एक्स अकाउंट पर युवक ने वीडियो अपलोड कर स्थानीय पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। युवक का कहना है कि अवैध हुक्का बार में बिना मंजूरी शराब परोसी जा रही है। कौशांबी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक्स अकाउंट पर बृहस्पतिवार की सुबह एक बजकर 43 मिनट पर गौरव नाम के युवक ने दो वीडियो अपलोड की, जिन्हें कौशांबी थाने के पीछे एंजल मॉल में चल रहे बैंग-बैंग बार का बताया गया है। अब युवक ने आरोप लगाया कि बार में पूरी रात युवक और युवतियों को शराब परोसी जा रही है। पहले भी कई बार शिकायत की गई लेकिन कौशांबी पुलिस की हीलाहवाली से कठोर कार्रवाई नहीं हुई। एक्स पर दोनों वीडियो 43 सेकंड और 16 सेकंड की है। डीसीपी निमिष पाटील का कहना है कि एक्स पर शिकायत का संज्ञान लेकर जांच करा रहे हैं।

### कासगंज जा रही महिला जहरखुरानी का हुई शिकार

**अलीगढ़ , एजेंसी।** कस्बा छर्रा से कासगंज जा रही महिला जहरखुरानी का शिकार हो गई। कस्बा के मोहला शिवपुरी निवासी मेसरजहां बेगम बुधवार की शाम सात बजे के करीब टेंपो में बैठकर जिला कासगंज के थाना ढोलना के गांव भामों में अपनी बहन के पास जा रही थी। तभी टेंपो चालक ने महिला को कुछ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। टेंपो चालक ने बेहोशी की हालत में महिला की सोने की जंजीर, कुंडल, चांदी की पायजेब व नगदी लूट ली। बेसुध महिला को जिला कासगंज के थाना ढोलना के गांव भामों मोड़ पर फेंक गए। जब उसे होश आया तो थाना गंगीरी में उसने लूट की तहरीर दी। इंसपेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि घटनास्थल जिला कासगंज के झोलना थाना क्षेत्र का है, वहीं रिपोर्ट दर्ज होगी। संवाद

### 20 हजार का इनामी परादी गैंग का कोहिनूर किया गिरफ्तार

**लोनी , एजेंसी।** बेहटा हाजीपुर रेलवे लाइन के पास सुनार की दुकान का शटर उखाड़कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहा परादी गैंग का सदस्य कोहिनूर गिरफ्तार हुआ है। नोएडा एसटीएफ और लोनी बॉर्डर पुलिस ने कोहिनूर को गिरफ्तार किया है। कोहिनूर के पास से पुलिस ने कीमती जेवरात और तमंचा बरामद किया है।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि एक जनवरी को बेहटा हाजीपुर रेलवे लाइन के पास एक सुनार की दुकान का शटर उखाड़कर लाखों की चोरी की घटना हुई थी। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में चोरी की घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में कुछ चोरों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में कोहिनूर का नाम सामने आया था। गिरफ्तारी नहीं होने पर गाजियाबाद पुलिस ने कोहिनूर पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। सूचना पाकर पुलिस ने कोहिनूर निवासी ग्राम कनेरा थाना झागर जिला गुना मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया।

**साथियों के साथ चोरी और डकैती को देता था अंजाम:** पूछताछ में कोहिनूर ने बताया कि वह घुमंतू जाति से है। वह लोग खानाबदोश रहकर विभिन्न शहरों में डेरा डालकर रहते हैं। आसपास के इलाकों में रात में घरों व दुकानों में घुसकर चोरी व डकैती की घटनाएं करते हैं। कई महीने पहले बेहटा में अपने साथियों के साथ एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जहां से काफी माल हाथ लगा था। इसके बाद वह अपने गांव चला गया था।

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने पर पति गिरफ्तार

खोड़ा। थाना क्षेत्र के कला एंक्लेव में 28 अप्रैल को रुखसार की मौत के मामले में पुलिस ने पति आरिफ को आत्महत्या के लिए उकसाने में गिरफ्तार किया है। मृतका के पिता ने पुलिस को पति समेत ससुराल के दस लोगों के खिलाफ शिकायत देकर मुकदमा कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी ने निकाला रोड शो, बोले- जीत दर्ज करेंगे, जनता हमारे साथ







**अमेठी , एजेंसी।** कांग्रेस ने अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। के एल शर्मा राजीव गांधी के समय से ही अमेठी से जुड़े रहे हैं। शुक्रवार को जब वह नामांकन के लिए निकले तो सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उनके जुलूस में शामिल हो गए। इस दौरान कार्यकर्ता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और किशोरी लाल शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। इसके पहले पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने अमेठी के कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि किशोरी लाल जी अमेठी के गांव-गांव को जानते हैं। लंबे समय से यहां काम कर रहे हैं। अब हमें मिलकर उन्हें जिताने का काम करना है।

कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आभार जताता हूं कि उन्होंने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर भरोसा जताया।

मूल रूप से किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से ताल्लुक रखते हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए।

1991 में राजीव गांधी की मौत के बाद जब गांधी परिवार ने यहां से चुनाव लड़ना बंद किया तो भी शर्मा कांग्रेस पार्टी के सांसद के लिए काम करते रहे। उन्हें संगठन ही नहीं परिवार का भी वफादार माना जाता है।

### अमेठी से उम्मीदवार घोषित होने पर केएल शर्मा ने जताई खुशी

गांधी परिवार की पुश्तैनी लोकसभा सीट अमेठी से उम्मीदवार घोषित होने पर कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आभार जताता हूं कि उन्होंने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर भरोसा जताया।

उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता हमारे साथ है और हम जीत हासिल करेंगे। अमेठी सीट पर राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही थी लेकिन शुक्रवार सुबह सबकुछ स्पष्ट हो गया। राहुल गांधी रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने इस सीट पर दिनेश सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

रायबरेली सीट से सोनिया गांधी सांसद थीं। बीते दिनों कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा भेज दिया। जिससे रायबरेली सीट खाली हो गई। अब इस सीट पर राहुल गांधी उम्मीदवार हैं। अमेठी में के एल शर्मा के नामांकन जुलूस में प्रियंका गांधी शामिल हो सकती हैं।

# लोकसभा चुनाव : बसपा ने फूलपुर के बाद इलाहाबाद में भी ओबीसी पर लगाया दांव, रमेश पटेल को बनाया प्रत्याशी



**प्रयागराज, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने इलाहाबाद संसदीय सीट से मंगलवार देर रात अपना प्रत्याशी घोषित कर कर दिया। जातिगत समीकरणों के आधार पर पार्टी ने रमेश पटेल 'चितौरी' पर दांव लगाया है। उनके मैदान में आने से लड़ाई अब त्रिकोणीय हो गई है।

मूलतः जसरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत चितौरी निवासी रमेश पटेल पेशे से जिला पंचायत और पीडब्ल्यूडी में ठेकेदारी करते हैं। राजनीति में बहुत सक्रिय नहीं रहे हैं और बसपा के लिए भी बाहरी हैं लेकिन समाज से जुड़े लोगों से उनका गहरा जुड़ाव बताया जाता है। वह अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे चुके हैं और संगठन में काफी सक्रिय भी रहे हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्टी से टिकट के लिए दो पटेलों ने दावेदारी की थी और दूसरे करछना के राजेश पटेल थे। बसपा सुप्रीमो से मायावती से मुलाकात के बाद टिकट रमेश पटेल के खाते में आया। बसपा ने फूलपुर के बाद इलाहाबाद सीट से भी ओबीसी प्रत्याशी उतारकर लड़ाई को रोमांचक बना दिया है। अब भाजपा के साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के लिए भी चुनौती बढ़ गई है। दलितों का बड़ा वर्ग बसपा के कैडर वोट के रूप देखा जाता है और नए समीकरण में बसपा अगर मुस्लिमों और पिछड़ों को भी साध लेने में सफल रही तो प्रमुख दलों के लिए चुनौती पेश करेगी। हालांकि, इलाहाबाद सीट से भाजपा और इंडिया गठनबंधन के उम्मीदवार राजनीति में अनुभव के मामले में बसपा उम्मीदवार से आगे हैं लेकिन जातिगत समीकरणों ने लड़ाई को एक नया मोड़ दे दिया है।

**देर आए दुरुस्त आए....:** इलाहाबाद सीट पर रमेश पटेल को बसपा का टिकट मिलने में भले ही देर हुई, लेकिन उन्होंने पर्चा खरीद लिया था। रमेश पटेल के मुताबिक उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के संकेत पहले ही मिल चुके थे।

**शनिवार को दोनों सीटों पर नामांकन की तैयारी:** इलाहाबाद और फूलपुर सीटों पर बसपा के उम्मीदवारों के शनिवार को नामांकन दाखिल करने की तैयारी है। इलाहाबाद से रमेश पटेल और फूलपुर से जगन्नाथ पाल शनिवार को ही पर्चा दाखिल कर सकते हैं।

# पूर्वोत्तर रेलवे का बड़ा जंक्शन बनेगा भोजीपुरा, सभी दिशाओं के लिए मिलेंगी लंबी दूरी की ट्रेनें

**बरेली , एजेंसी।** बरेली जंक्शन की तरह ही आने वाले दिनों में भोजीपुरा से भी सभी दिशाओं के लिए लंबी दूरी की ट्रेनें मिलेंगी। भोजीपुरा जंक्शन को पूर्वोत्तर रेलवे बड़े जंक्शन के रूप में विकसित करेगा। रिमॉडलिंग की कार्ययोजना तय होने के बाद जल्द ही काम शुरू होने का दावा किया जा रहा है। भोजीपुरा से बरेली सिटी तक रेल लाइन के दोहरीकरण को स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। बरेली जंक्शन उत्तर और भोजीपुरा पूर्वोत्तर रेलवे का जंक्शन है। अब तक यहां ट्रेनों की संख्या सीमित थी, लेकिन पीलीभीत-मैलानी होते हुए लखनऊ के लिए रेल लाइन शुरू होने के बाद से ट्रेनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे लालकुआं, काठगोदाम, रामनगर, हरिद्वार से पूर्वांचल, बिहार, राजस्थान, मुंबई तक विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू कर चुका है।

### इन शहरों के लिए है रेल लाइन

भोजीपुरा होते हुए काशीपुर, लालकुआं, काठगोदाम के अलावा पीलीभीत, टनकपुर के लिए रेल लाइनें जाती हैं। भोजीपुरा से बरेली सिटी होते हुए जंक्शन और जंक्शन से वाया रामगंगा-चंदौसी-दिल्ली के अलावा आगरा, अलीगढ़, देहरादून तक ट्रेनों का संचालन हाल के दिनों में शुरू हुआ है। भोजीपुरा जंक्शन पर इन ट्रेनों को ठहराव दिया जा रहा है। भोजीपुरा और बरेली सिटी के बीच यांत्रिक रेलवे कारखाना भी है। ऐसे में भोजीपुरा में प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ाने के साथ स्टेशन रिमॉडलिंग के लिए रेलवे ने कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि नई रेल लाइन शुरू होने के बाद लंबी दूरी की ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा रही है। भोजीपुरा-बरेली सिटी के बीच रेल लाइन का दोहरीकरण होना है। भोजीपुरा स्टेशन की रिमॉडलिंग की जाएगी। आने वाले दिनों में भोजीपुरा से कई दिशाओं की लंबी दूरी की ट्रेनें मिलेंगी। इस समय भी चार जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

# इश्क में बदला मजहब: बिहार की शमा परवीन बनीं पूनम, शिवम संग लिए सात फेरे



**बरेली , एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद की रहने वाली शमा परवीन बलिया के शिवम वर्मा के प्यार में पूनम बन गईं। शमा परवीन ने हिंदू धर्म अपनाकर अपना नाम पूनम देवी कर लिया। बरेली के एक आश्रम में पूनम ने अपने प्रेमी संग सात फेरे लिए। आचार्य केके शंखधार ने बृहस्पतिवार को हिंदू परंपरा के अनुसार दोनों का विवाह कराया। शमा परवीन और शिवम की प्रेम कहानी बेहद दिलचस्प हैं।

औरंगाबाद के काजी चकवा निवासी शमा परवीन ने हाईस्कूल तक पढ़ाई है, जबकि शिवम वर्मा आठवीं पास हैं। वह सराफ कारीगर हैं। सोने-चांदी के जेवर बनाने का काम करते हैं। शमा परवीन के मुताबिक एक साल पहले वह एक कार्यक्रम में बक्सर गई थीं। वहीं उनकी मुलाकात शिवम से हुई। बातचीत के दौरान दोनों ने एक-दूसरे का फोन नंबर ले लिया। अक्सर दोनों में बातें होने लगीं। शमा और शिवम की बातचीत का सिलसिला प्यार में बदल गया। दोनों ने साथ जीने और मरने की कसमें खा लीं। शमा परवीन ने बताया कि हिंदू धर्म के प्रति उनकी आस्था है। यहां नारियों का सम्मान किया जाता है। इसलिए उन्होंने धर्म परिवर्तन करने का निर्णय लिया। शिवम वर्मा ने बताया कि उन्हें बरेली के आचार्य केके शंखधार के बारे में जानकारी हुई, जो ऐसे प्रेमी युगल की शादी कराते हैं।

**स्वेच्छा से अपनाया हिंदू धर्म :** इसके बाद शिवम वर्मा और शमा परवीन बरेली आ गए। दोनों अगस्त्य मुनि आश्रम में पहुंचे, जहां केके शंखधार से विवाह कराने का आग्रह किया। केके शंखधार के समक्ष शमा परवीन ने धर्म परिवर्तन कर अपना नाम पूनम देवी रख लिया। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। पूनम ने बताया कि उन्होंने स्वेच्छा से हिंदू धर्म अपनाकर प्रेमी से विवाह किया है। इसमें किसी की जोर जबरदस्ती नहीं है। शमा परवीन उर्फ पूनम का कहना है कि उनके परिवारवालों को भी कोई एतराज नहीं है। ससुराल के लोग बहुत अच्छे हैं। वह शादी करके बेहद खुश हैं। शिवम ने भी जिंदगीभर शमा परवीन का साथ देने का वादा किया। अगस्त्य मुनि आश्रम में शादी करने के बाद दोनों अपने घर चले गए।

# अपराधियों से दो कदम आगे पुलिस, साइबर क्राइम रोकने के लिए आया नया सिस्टम

**आगरा , एजेंसी।** साइबर अपराधी कभी रिश्तेदार तो कभी कस्टम अधिकारी बनकर लोगों को ठग रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी करने लगे हैं। ऐसे में साइबर थाने को नई तकनीक एआई से लैस किया जा रहा है। साइबर विशेषज्ञ पुलिस अफसरों की संख्या में भी बढ़ाई जा रही है।

कमिश्नरेट में नए साइबर थाने की स्थापना की जा चुकी है। हर थाने में साइबर सेल भी है। इसके बाद भी साइबर अपराधों के पीड़ितों की संख्या में कमी नहीं आई है। जिले में प्रतिदिन औसतन 3-4 शिकायतें आ रही हैं।

साइबर थाने में शिकायतों को निपटाने के लिए विशेषज्ञ पुलिस अफसर के नाम पर एक इंस्पेक्टर हैं। बाकी कुछ पुलिसकर्मी थानों से मदद करते हैं। ऐसे में पीड़ितों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

डूबी रकम तो कम मामलों में ही वापस मिल पाती है। साइबर अपराध बढ़ने और अपराधियों की नई तकनीक देख अब साइबर थाने में 25 निरीक्षक और 25 से अधिक उपनिरीक्षक तैनात किए जाएंगे। उन पुलिस अफसरों को वरीयता मिलेगी जो साइबर अपराधों के विशेषज्ञ हों।

हाल में संयुक्त अरब अमीरात से साइबर ठगों ने एक अधिकारी से एआई की मदद से ठगी की थी। बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, कस्टम अधिकारी और रिश्तेदार बनकर ठगी करने वालों की लंबी फेहरिस्त है। साइबर सेल साइबर अपराधियों का डाटा भी तैयार कर रही है। अभी तक पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में बैठकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे।

अब विदेशों से भी ठगी की जा रही है। ऐसे में साइबर थाने को तकनीक से लैस करने के लिए नए सॉफ्टवेयर और 25 से अधिक नए एप भी खरीदे जा रहे हैं। कुछ विदेशी साइबर एक्सपर्ट से भी मदद ली जाएगी।

### विदेशी नागरिक भी पकड़े गए

साइबर अपराध करने वाले नाइजीरिया के नागरिकों ने साइबर ठगी में पिछले दिनों जेल भेजा था। वह यहां पढ़ने के लिए आए थे और साइबर ठगी करके लोगों को लाखों का चूना लगा दिया। इसी तरह नाई की मंडी में भी विदेशी नागरिक को पकड़ा गया था।

# वीएम हॉल के पास पुलिस चेकिंग के दौरान मिली पिस्टल, बिना नंबर प्लेट की थार सहित आरोपी दबोचा

**अलीगढ।** एएमयू का एक छात्र पिस्टल सप्लाई के आरोप में बिना नंबर प्लेट की थार सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान उसे गिरफ्तार कर पिस्टल भी बरामद की है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। उसने बरामद पिस्टल जीवनगढ़ के युवक से खरीदी थी। उसे बेचने के इरादे से घूम रहा था। पुलिस अब उसके मूल सप्लायर व आगे वाले खरीदार तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। इधर, उसके छात्र होने को लेकर 2 मई देर रात तक एएमयू स्तर से जांच की जा रही थी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में इंस्पेक्टर सिविल लाइंस राजीव कुमार की अगुवाई वाली टीम 1 मई रात वीएम हॉल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वीएम हॉल के पास थार गाड़ी को चेकिंग के दौरान रोका गया। बिना नंबर की गाड़ी में जमालपुर नवी नगर का कासिम मलिक सवार था। उसके पास से एक .32 बोर पिस्टल मय कारतूस बरामद हुई। गाड़ी व पिस्टल सहित कासिम को थाने लाया गया। पूछताछ में उसने स्वीकारा कि यह पिस्टल उसने जीवनगढ़ के आसिफ नाम के युवक से खरीदी है। इंस्पेक्टर के अनुसार वह उसे बेचने के इरादे से घूम रहा था। बरामद गाड़ी को लेकर जांच में उजागर हुआ कि गाड़ी कई बार बिकी है और इस युवक ने खरीदी है। सिर्फ पुलिस को धोखा देने के इरादे से उसने नंबर प्लेट हटा रखी थी। इंस्पेक्टर के अनुसार पकड़े गए युवक ने खुद को परास्नातक का एएमयू का छात्र भी बताया। उस पर पहले से देहली गेट में एक मुकदमा दर्ज है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वहीं एएमयू प्रॉक्टर का कहना है कि पकड़ा गया युवक छात्र है या नहीं, इसके लिए वे दस्तावेज खंगलवा रहे हैं। जानकारी होने पर ही अवगत कराया जाएगा। पिस्टल सप्लाई के मामले में जिला पहले से बदनाम है। यहां मध्य प्रदेश व बिहार से पिस्टल लाकर सप्लायर बेचते हैं और नक्सलियों तक को हथियार सप्लाई होते रहे हैं।

# आवासीय विद्यालय में मिड-डे मील खाकर बिगड़ी 11 छात्राओं की तबीयत, अस्पताल में कराया भर्ती



**बरेली , एजेंसी।** बरेली के बिथरी चैनपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मिड-डे मील खाकर 11 छात्राएं बीमार हो गईं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी से मामले की रिपोर्ट तलब की है।

विद्यालय में बृहस्पतिवार सुबह मिड-डे मील वितरित किया जा रहा था। खाना खाने के बाद 11 छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। छात्राओं ने पेट दर्द की शिकायत की। कुछ छात्राओं को उल्टी- दस्त की समस्या होने पर शिक्षक उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

छात्राओं का आरोप है कि उन्हें कई दिनों से घटिया खाना दिया जा रहा था। बुधवार शाम भी खाने में कच्ची रोटियां और कच्चे चावल दिए गए थे। बृहस्पतिवार को खराब गुणवत्ता की दलिया दे दी गई। इसे खाने के कुछ देर बाद ही उनके पेट और सिर में दर्द होने लगा।

वार्डन व शिक्षक उन्हें स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां कई घंटे तक इलाज चला। सुधार नहीं होने पर एक छात्रा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी के डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि खराब खाने के कारण बच्चों में फूड प्वॉइजनिंग के लक्षण दिख रहे हैं।

**दलिया खाने के बाद बिगड़ी तबीयत:** रात को रोटी-सब्जी और चावल खाए थे। विद्यालय में सुबह दलिया खाने के बाद अचानक पेट में दर्द होने लगा। - सपना, कक्षा सात

रात में रोटियां और चावल कच्चे मिले थे। कई दिनों से यह दिक्कत हो रही हैं। खाने के बाद तबीयत खराब हो गई। **- सावित्री, कक्षा सात**

रात में खाना खाया था। सुबह दलिया ठीक नहीं लगी, ऐसे में नहीं खाई। उसके बाद भी सुबह पेट में दर्द होने लगा। - प्रतीक्षा, कक्षा छह

बिथरी चैनपुर के खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि विद्यालय में आठ छात्राओं के बीमार होने की सूचना मिली थी। बीएसए के निर्देश पर जांच करने गया था। विद्यालय में रसोइया खाना बनाता है। सुबह तीन छात्राओं को पेट दर्द की समस्या हुई, जिन्होंने कुछ खाया ही नहीं था। वहीं, पांच छात्राओं को दलिया खाने के बाद उल्टी-दस्त की समस्या हुई थी, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। विद्यालय की लापरवाही नहीं मिली। दलिया की जांच के लिए सैंपल भेजे हैं। शिक्षक समेत सभी 90 छात्राओं ने भी वही खाना खाया था।

# सुना है दिल्ली वाले भी आए हैं, भीड़ देख तोते उड़ गए होंगे, बदायूं में अखिलेश ने किस पर कसा तंज

**बदायूं , एजेंसी।** बदायूं में बृहस्पतिवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और भाजपा के स्टार प्रचारक और गृहमंत्री अमित शाह ने जनसभा की। बहेड़ी में अखिलेश यादव ने भाषण की शुरूआत में कहा कि सुना है दिल्ली वाले भी आए हैं, भीड़ देख आज ही तोते उड़ गए होंगे।

अखिलेश के भाषण से पहले सपा उम्मीदवार आदित्य यादव ने कहा कि 2019 में प्रशासन ने बेईमानी करके हराया था। तब प्रशासन ने कहा था कि स्ट्रांग रूम में तोता घुस गया था। अबकी बार इतना वोट दीजिए कि इनके ही तोते उड़ जाएं।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि ये भाजपा षडयंत्रकारी और छलावा करने वाली पार्टी है। इस बार स्ट्रांग रूम में तोते नहीं घुसेंगे। अगर गलती से कोई घुस गया तो बाहर नहीं निकल पाएगा। यह चुनौती और प्रतिष्ठा का चुनाव है। मतदाता चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2019 का चुनाव भी हम हारे नहीं थे, बल्कि धर्मेंद्र यादव हराए गए थे। फिर



जनता की ओर मुखातिब होकर पूछा कि पिछला हिसाब किताब करेंगे या नहीं। जब आवाज हां में आई तो बोले, बदायूं की जनता पर हमें पूरा भरोसा है। मेडिकल कॉलेज जिक्र करते हुए कहा कि हमने इसे बनाया पर भाजपा ने बर्बाद कर दिया।

**नौजवानों और किसानों को जोड़ा, वायदे किए:** अखिलेश यादव के भाषण में किसान और नौजवान के साथ पिछड़े और अनुसूचित वर्ग के लोग केंद्र में रहे। कहा कि खाद की महंगाई बढ़ी है और खाद की बोरी का वजन पारलेजी बिस्कुट की तरह कम हो गया है। भाजपा किसानों के लिए काला कानून लाई। यदि ये कानून लागू हो जाता तो किसानों की कमाई उद्योगपतियों के हाथों में चली जाती।

गरीबों को पौष्टिक आटा के साथ डाटा देने का वायदा करते हुए उन्होंने बदायूं से खुद को जोड़ा। बोले- सड़कें बनेंगी, दिल्ली के लिए ट्रेन की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। गंगा एक्सप्रेस वे लखनऊ से जुड़ेगा। नौजवानों के लिए स्पोर्ट्स सेंटर बनवाने का भी वायदा किया।

**परिवारवाद पर ली भाजपा की चुटकी:** अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि परिवार के लोग लड़ रहे हैं। यदि भाजपा को बुरा लगता है तो वह संकल्प लें कि किसी परिवार वाले को नहीं लड़ाएंगे, किसी परिवार वाले से वोट नहीं लेंगे। कहा कि हम पीडीए परिवार से लड़ रहे हैं। हमारा परिवार संघर्ष करने वालों का परिवार है।

**भाजपा के पास नफरत के सिवाय कोई भाषण नहीं:** पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी ने कहा कि भाजपा के पास सिवाय नफरत के उनके पास कोई भाषण नहीं। दस साल से वो देश के प्रधानमंत्री हैं। अगर आप पूछिए, महंगाई कम हुई तो कोई जवाब नहीं है। आज सुनहरा मौका है, अपने हाथ, आप इतनी बड़ी ताकत से सपा को जिताएं कि दिल्ली में बिना अखिलेश यादव के दिल्ली में कोई सरकार बन सके। एक दिन इनको दीजिए, पांच साल इनसे सेवा लीजिए। मैं न बेमानी करूंगा, न बेमानी करने दूंगा।